अमर उजाला 20/04/2023

# एक दिवसीय औद्योगिक दौरे में दी जानकारी

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के वाणिज्य विभाग और कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग की ओर से नेटमेक्स चंडीगढ़ में एक दिवसीय औद्योगिक (इंडस्ट्रियल विजिट) दौरा कराया। इसमें बीसीए के 57 और वाणिज्य विभाग के 58 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

इसमें सभी छात्र और छात्राओं को यह बताया कि यह एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अधिकृत कंपनी है और उन्हें ड्रोन से डेमो देकर सिखाया। कॉलेज ने इस कंपनी के साथ एमओयू पर भी हस्ताक्षर किए। जो भविष्य में इन सभी विद्यार्थियों के लिए लाभकारी होंगे। इस मौके पर वाणिज्य विभाग से डॉ. सुरेंद्र कुंडू और कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग से मिस्टर श्याम रहेजा, मैडम गायत्री, रमनीत और उदिता उपस्थित रहे। संवाद